मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-165
27/03/2021

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश एवं देशवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 27 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रदेश एवं देशवासियों को रंगों के त्योहार होली की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि होली सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली का यह पवित्र त्योहार राज्यवासियों की जिन्दगी में खुशियों का नया रंग लेकर आयेगा। यह पवित्र त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि बिना किसी भेदभाव के लोग एक दूसरे के प्रति प्रेम–सद्भाव का व्यवहार रखते हैं। लोग आपस में मिलकर खुशियाँ बाँटते हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से होली का त्योहार पारस्परिक प्रेम, आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने की अपील की।

वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये सभी लोग घर के अंदर ही होली का त्योहार मनायें। आपके सहयोग से ही इस महामारी से निपटने में सफलता मिलेगी।

******